**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 2900

दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

## गांवों में नल के द्वारा पेयजल की आपूर्ति

**2900. श्री किरनमय नन्दाः**

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कितने गांवों को नल के द्वारा पेयजल प्रदान किया गया है और प्रत्येक राज्य में ऐसे गांवों का प्रतिशत कितना– कितना है;

(ख) देश के ग्रामीण क्षेत्रों के घरों को नल के द्वारा पेयजल प्रदान करने हेतु विभिन्न राज्यों से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ग) वह लक्षित वर्ष क्या है जब तक प्रत्येक भारतीय अपने घर में कम से कम नल के माध्यम से पेयजल का कनेक्शन प्राप्त करने की उम्मीद कर सकता है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) मंत्रालय, बसावटों के संदर्भ में सूचना का रखरखाव करता है और गांवों के संदर्भ में नहीं करता। बसावटों का राज्य-वार विवरण जिन्हें विगत तीन वर्षों के दौरान नल जल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी **अनुलग्नक** में है।

(ख) एनआरडीडब्ल्यूपी के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति का निष्पादन राज्यों द्‌वारा किया जाता है। स्कीमें राज्यों द्‌वारा ही अनुमोदित की जाती हैं। वे अपनी स्कीमें/प्रस्ताव अनुमोदन हेतु मंत्रालय को नहीं भेजते।

(ग) मंत्रालय ने 2011-2022 अवधि हेतु ग्रामीण पेयजल क्षेत्र हेतु एक कार्यनीति तैयार की है जो ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक परिवारों को नल जल आपूर्ति की सुविधा का विस्तार करने पर बल देती है। वर्ष 2022 तक 90% ग्रामीण परिवारों को पाइप जल आपूर्ति से कवर करने का लक्ष्य है।

अनुलग्नक

## दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2900 के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक

| क्र.सं. | राज्य | वर्ष 2013-14 के दौरान नल जल आपूर्ति स्कीम से कवर की गई बसावटें | वर्ष 2014-15 के दौरान नल जल आपूर्ति स्कीम से कवर की गई बसावटें | वर्ष 2015-16 के दौरान नल जल आपूर्ति स्कीम से कवर की गई बसावटें | वर्ष 2016-17, 07.12.16 तक के दौरान नल जल आपूर्ति स्कीम से कवर की गई बसावटें | 07.12.2016 के अनुसार नल जल आपूर्ति स्कीमों से कवर की गई बसावटें (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 63.5 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2768 | 2390 | 1806 | 1164 | 79.89 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 342 | 194 | 133 | 38 | 47.63 |
| 4 | असम | 2595 | 1751 | 472 | 98 | 38.02 |
| 5 | बिहार | 107 | 154 | 100 | 170 | 6.09 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 1936 | 1758 | 296 | 551 | 21.77 |
| 7 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 3786 | 2494 | 1187 | 375 | 89.16 |
| 9 | हरियाणा | 590 | 436 | 299 | 150 | 97.19 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 2566 | 2533 | 1525 | 569 | 97.69 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 756 | 624 | 230 | 26 | 93.65 |
| 12 | झारखंड | 778 | 1656 | 437 | 385 | 10.55 |
| 13 | कर्नाटक | 16542 | 14262 | 18097 | 6423 | 86.96 |
| 14 | केरल | 356 | 221 | 432 | 213 | 100.97 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 2407 | 2687 | 2214 | 333 | 16.55 |
| 16 | महाराष्ट्र | 3689 | 3391 | 1510 | 345 | 67.92 |
| 17 | मणिपुर | 243 | 222 | 80 | 78 | 95.99 |
| 18 | मेघालय | 457 | 256 | 210 | 24 | 57.63 |
| 19 | मिजोरम | 56 | 50 | 28 | 9 | 90.38 |
| 20 | नागालैंड | 131 | 190 | 168 | 119 | 96.34 |
| 21 | ओडिशा | 1318 | 2328 | 1467 | 962 | 23.76 |
| 22 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 44.36 |
| 23 | पंजाब | 727 | 379 | 159 | 211 | 85 |
| 24 | राजस्थान | 2218 | 2405 | 2206 | 476 | 34.67 |
| 25 | सिक्किम | 75 | 16 | 11 | 14 | 99.91 |
| 26 | तमिलनाडु | 5726 | 8530 | 1390 | 700 | 99.38 |
| 27 | तेलंगाना | - | 1605 | 1371 | 381 | 90.51 |
| 28 | त्रिपुरा | 662 | 981 | 643 | 125 | 70.26 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 1725 | 3614 | 1452 | 22 | 9.19 |
| 30 | उत्तराखंड | 949 | 972 | 478 | 322 | 96.3 |
| 31 | पश्चिमी बंगाल | 2879 | 4865 | 4745 | 1592 | 34.9 |
| **कुल** | | **56384** | **60964** | **43146** | **15875** | **41.09** |

**(स्रोत: मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली का सी-14 फॉर्मेट)**